तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 11 नवंबर 2025

11 तीर-धनुष लेकर पदयात्रा में निकले ग्रामीण...



12 चार दिनों बाद शुरू होनी है धान खरीदी संग्रहण...





GE Signature Series
विश्वस्तरीय सोनोग्राफी मशीन राजिम में
भारत में केवल 120 मशीनें
पहली बार गर्भवती महिलाओं के बच्चे के दिल का जाँच की सुविधायें उपलब्ध अब राजिम में
लाईफ केयर
एडवांस्ड डायग्नोस्टिक सेंटर
पथर्रा रोड, राजिम मो.नं. 9340789101



**खबर संक्षेप**

## पूर्व सीएम बघेल का किया गया स्वागत



**अभनपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपेश बघेल के दो दिवसीय बीजापुर प्रवास के दौरान सिग्नल चौक अभनपुर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री फतीस साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने श्री बघेल को पुष्पमालाएं एवं जनेऊ पहनाकर आत्मीय अभिनंदन किया। इस दौरान पन्नालाल नवरनंगे डोमेन्द्र साहू,कन्हैया शर्मा, सोनजीत ध्रुव, जयवर्धन बघेल, मनीसेन गहिरवारे, दीपक कोशरिया, कमलेश बघेल, लोकेश साहू, नीलेश साहू,कुलदीप साहू,राजेन्द्र साहू,प्रिंस भारती,ओमदास गिलहरे, आकाश नवरनंगे, पंकज साहू, विक्कू देवांगन सहित कार्यकर्ता एवं नागरिक मौजूद रहे।

## ट्रामा यूनिट पर रखी सड़ी लाश की दुर्गंध, मरीज व परिजन हुए परेशान

**अभनपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अभनपुर मे 9 नवम्बर की रात राखी पुलिस द्वारा अस्पताल के नवनिर्मित ट्रामा यूनिट मे लावारिस शव को रखकर चले गये। लावारिस शव सड़ गल चुका था अस्पताल मे दुर्गन्ध फैलने से वहां भर्ती मरीजो व परिजनो को रात बीतना मुश्किल हो गया वही सुबह ओपीडी के लिए पहुंचे सैकड़ो मरीज दुर्गन्ध से इधर उधर भागते नजर आये। जबकि पुराने अस्पताल भवन मे शव को रखने मर्चुरी की अलग से व्यवस्था है तथा ज्यादा पुराने शव को पोस्टमार्टम वाले स्थान पर रखवाया जाता है लेकिन राखी थाना पुलिस की घोर लापरवाही करते शव को अस्पताल से लगे हुये नया ट्रामा यूनिट जिसका अभी उद्घाटन भी नही हुआ है उसी रूम मे रखकर चले गये सुबह पूरे कैपस मे दुर्गन्ध फैली हुई थी। परिजनो के हंगामा के बाद बीएमओ अभनपुर द्वारा राखी थाना व अभनपुर थाना मे शिकायत कर शव को हटाने के लिए सूचना देने के बाद भी 12 बजे तक शव को नही हटाया गया जिससे पूरे अस्पताल मे अफरा तफरी का माहौल रहा। इस संबंध मे वार्ड पार्षद व पालिका उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी ने कहा कि अस्पताल मे भर्ती मरीजो व परिजनो को रात मे बाहर बैठ कर रात गुजारनी पड़ी है तथा सुबह ओपीडी के लिए पहुंचे कई मरीज दुर्गन्ध के कारण उल्टी होने के कारण उनकी और तबीयत बिगड़ी लगी जिन्हे निजी अस्पताल मे जाना पड़ा यह अस्पताल के कर्मचारियो की भी लापरवाही है शव को रखने वहां मना करना था वही शव को लेकर पहुंचे पुलिसकर्मियो की बड़ी लापरवाही है।

## हथियार लहराकर डरा रहे युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** हथियार लहराकर लोगों को डराने वाले युवक के खिलाफ खल्लारी थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी ग्राम आंवराडबरी पंचायत के पास में ग्राम भीमखोज का सचिन ध्रुव लोहे का धारदार तब्बल नुमा हथियार लहराते हुए लोगों को डरा धमका रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हथियार जब्त किया आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया।



# जिले में ठंड ने दी दस्तक, लोग आग तापते नजर आए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

आसमान से बादल हटते ही जिले में ठंड ने दस्तक दे दी है। बीते दो-तीन दिनों से मौसम में अचानक ठंडक बढ़ गई है, जिससे शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक लोगों ने गर्म कपड़ों का सहारा लेना शुरू कर दिया है।

ठंड का अहसास दिलाते हुए है कुछ तस्वीरें कमरे में कैद किए जो काफ़ी सुकून दे रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग अलाव जलाकर और गोरसी में आग तापते हुए ठंड से राहत पाने की कोशिश कर रहे हैं। समीप के ग्राम पाथरमोहंदा में सुबह के समय पांच लोग गोरसी के पास बैठकर शरीर को गर्म करते नजर आए, जिसकी झलक कैमरे में भी कैद हुई। ठंड बढ़ने से खासतौर पर स्कूली बच्चों को दिक्कत हो रही है। बच्चे सुबह स्कूल जाने से पहले अब गर्म पानी से नहाने लगे हैं। वहीं, सुबह की ठंडी हवा लोगों को सिहरन का अहसास करा रही है। मौसम में बदलाव के साथ ही लोग सेहत बनाने की तैयारी में भी जुट गए हैं।

### सुबह की सिहरन बढ़ी, सड़कों पर दौड़ते दिखे फिटनेस लवर





शहर की सड़कों पर अब सुबह-सुबह कई युवक-युवतियां दौड़ते और व्यायाम करते दिखाई दे रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार, आगामी कुछ दिनों में तापमान में और गिरावट दर्ज की जा सकती है। इसके चलते ठंड का असर और तेज होने की संभावना जताई जा रही है।

### जवानों के भारी पड़ते देख नक्सली मौके से हुए फरार, हथियार और सामान बरामद

# सेम्हरा पहाड़ में पुलिस-नक्सलियों के बीच मुठभेड़, नक्सली ठिकाना ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर थाना क्षेत्र के सेम्हरा पहाड़ इलाके में सोमवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। जानकारी के मुताबिक, माओवादी सुरक्षाबलों को देखते ही फायरिंग करने लगे। जवाबी कार्रवाई में पुलिस बल ने भी मोर्चा संभालते हुए मुंहतोड़ जवाब दिया। कुछ देर तक दोनों ओर से गोलीबारी चलती रही, जिसके बाद नक्सली जंगल का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। मुठभेड़ के बाद ई-30 टीम ने पूरे इलाके की सघन सर्चिंग की। तलाशी के दौरान नक्सलियों के ठिकाने से रोजमर्रा के उपयोग का सामान, नक्सल साहित्य, बैनर-पोस्टर और कुछ हथियार बरामद किए गए हैं। बरामद सामान से यह स्पष्ट होता है कि माओवादी क्षेत्र में अपनी गतिविधियों को फिर से सक्रिय करने की कोशिश कर रहे थे। ज्ञात हो कि सुरक्षाबल लगातार नक्सल प्रभावित इलाकों में सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं, ताकि माओवादियों की हर साजिश को नाकाम किया जा सके। इस मुठभेड़ में पुलिस को किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ है। पुलिस प्रशासन ने माओवादियों से अपील की है कि वे हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौट आएं और समाज की प्रगति में अपना योगदान दें।



जिला पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि नक्सल गतिविधियों में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा, और ऐसे तत्वों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।



## छेड़छाड़ के फरार आरोपी को जुगाड़ पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत थाना पायलीखण्ड जुगाड़ में 29 अगस्त 2025 को प्रार्थीया ने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि एक युवक के द्वारा रास्त रोककर उनके साथ छेड़छाड़ किया गया है मामले पर पुलिस द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर जॉच किया जा रहा था कि आरोपी फरार हो गया पुलिस द्वारा फरार आरोपी को दो माह बाद पकड़कर जेल भेजा गया है। थाना से मिली जानकारी के अनुसार मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि थाना पायलीखण्ड (जुगाड़) के अपराध क्रमांक 10/25 74,115(2), बीएनएरा में पार्थिया पीडिता जो दिनांक 30.08.2025 को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 29.08.2025 के शाम रात्रि 7 बजे करीबन अपने सहेली के साथ पैदल गांव के सौर उर्जा भवन के पास गणेश पण्डाल में पुजा आरती करने गये थे पूजा आरती कर वापस घर सहेली के साथ करीबन 8 बजे लौट रहे थे कि आरोपी दुर्योधन सोरी अपने घर के पास प्रार्थिया के हाथ बांह को जबरदस्ती पकडकर गलत कार्य की नियत से दुपट्टा को बीचकर जमीन में पटक हाथ से मारपीट कर छेडछाड करने पर अपराध धारा का घटित होने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया दौरान विवेचना घटना बाद से आरोपी अपने सकुनत से व गिरफ्तारी से बचने हेतु फरार रहने से पुलिस कार्यवाही में सहयोग नहीं करने पर पंचनामा तैयार किया गया है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के गाईड लाईन का ▸▸| शेष पेज 11 पर



## सरनाबहाल सचिव को ग्रामीणों ने एसडीएम से हटाने की मांग की

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के जनपद पंचायत मैनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत सरनाबहाल के सचिव डिगनेश्वर यदु पर पंचायत के कार्यों में ध्यान नहीं देने का आरोप लगाते हुए उपसरपंच के नेतृत्व में 13 पंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण सोमवार को मैनपुर पहुंचकर अनुविभागीय राजस्व मैनपुर को ज्ञापन सौपकर ग्राम पंचायत के सचिव को तत्काल हटाने की मांग किया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय गरियाबंद पहुंचकर कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ के नाम भी मांगपत्र सौपा है। ग्राम पंचायत सरनाबहाल उपसरपंच हितेश्वरी सूर्यवंशी एवं पंच आसमती नेताम, रूपेश यादव, कुंती यादव, लोबानी ध्रुव, कैलाश यादव, रथोराम सोरी, तुलाराम सोरी, करूणा मरकाम, सेंदुर मरकाम, उदय मरकाम, सीमा यादव, रूखमणी यादव एवं ग्रामीणों ने हस्ताक्षरयुक्त आवेदन सौपकर मांग किया है कि ग्राम पंचायत के सचिव को तत्काल हटाया जाए साथ ही आरोप लगाते हुए कहा कि ग्राम पंचायत सचिव डिगनेश्वर यदु ग्राम पंचायत के कार्यों पर ध्यान नहीं देते हमेशा पंचायत भवन में ताला लगा रहता है ग्राम पंचायत में हमेशा अनुपस्थित रहता है। जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र का पंजीयन उनके द्वारा नहीं किया जाता जिससे ग्रामीणों को उच्च कार्यालय का चक्कर काटना पड़ता है। ग्राम पंचायत में विगत 05 वर्षों ▸▸| शेष पेज 11 पर



## ओडिशा उपचुनाव के लिए गरियाबंद सीमा क्षेत्र में मदिरा बिक्री प्रतिबंधित

**गरियाबंद।** ओड़िशा राज्य में आगामी विधानसभा उपचुनाव 2025 को देखते हुए शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गरियाबंद कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बीएस उइके ने जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में मदिरा बिक्री पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। कलेक्टर ने बताया कि जिला गरियाबंद और ओड़िशा के नुवापाड़ा जिले की सीमा से 8 किलोमीटर के दायरे में स्थित विदेशी कंपोजिट मदिरा दुकान, ग्राम रसेला को 11 नवम्बर 2025 को मतदान समाप्ति तक बंद रखा जाएगा। यह निर्णय ओड़िशा सरकार के उत्पाद विभाग के निर्देश एवं छत्तीसगढ़ आबकारी विभाग रायपुर से प्राप्त दिशा-निर्देशों के आधार पर लिया गया है। आदेश छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 के तहत जारी किया गया है। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि इस अवधि में मदिरा की बिक्री, खरीद, परिवहन, भंडारण और निर्माण पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## बेलर में महुआ शराब पर रोक की मांग, सतनामी समाज ने एसपी और विधायक को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुईहा बेलर

ग्राम बेलर के सतनामी पारा में अवैध रूप से बिक रही कच्ची महुआ शराब और गांजा की बिक्री को लेकर अब ग्रामवासियों का सब्र टूट चुका है। सोमवार को सतनामी समाज के प्रतिनिधियों ने पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा से मिलकर लिखित आवेदन सौंपते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की है। सतनामी समाज की बैठक में सामुहिक निर्णय लिया गया कि गांव में चल रहे इस अवैध कारोबार का पुरजोर विरोध किया जाएगा। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि लेखराम रात्रे, पंचायत प्रतिनिधि नुरेश रात्रे, कमल रात्रे, ईश्वर रात्रे सहित अन्य समाजजनों ने आवेदन पर हस्ताक्षर कर विधायक राजिम रोहित साहू, एसपी निखिल राखेचा और फिंगेश्वर थाना एस आई संकल्प साहू को सौंपा। आवेदन में समाज के लोगों ने कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के नाम गोपनीय रूप से दर्ज करते हुए बताया कि इन शराब बेचने वालों के घर असामाजिक तत्वों का सुबह चार बजे से देर रात तक आना-जाना लगा रहता है, जिससे गांव का वातावरण बिगड़ रहा है। शराब के नशे में ये लोग गाली-गलौज, झगड़ा-फसाद और अशांति फैलाते हैं, जिससे चोरी जैसी घटनाओं की संभावना भी बढ़ गई है।कभी भी अप्रीय घटना हो सकती है। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में भी पुलिस से शिकायत की गई थी, परंतु सार्थक कार्रवाई नहीं हुई। समाजजनों ने इस बार स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि पुलिस इस बार भी निष्क्रिय रही, तो वे राज्य के उच्चाधिकारियों, मुख्यमंत्री से मिलकर आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। इसी तरह ग्राम कुण्डेल के धान संग्रहण केंद्र के कुछ दूर मुख्य सड़क किनारे भी अवैध शराब की खुली बिक्री की शिकायतें सामने आई हैं। ग्रामीणों के अनुसार, इस बारे में फिंगेश्वर थाना को मौखिक सूचना दी जा चुकी है, परंतु अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे थाना स्तर की निष्क्रियता पर भी सवाल उठने लगे हैं। अब देखना यह होगा कि सतनामी समाज की इस नामजद शिकायत पर पुलिस कितनी गंभीरता दिखाती है और अवैध कारोबार पर कब लगाम लगती है।

### अवैध रूप जुड़े नामों की स्वत हटाया जाएगा वहीं छूटे हुए नामों को जोड़ना है

# मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण पर भाजपा ने की कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रसेला

मलेवा अंचल भाजपा मंडल के सभी पदाधिकारीयों और समस्त कार्यकर्ताओं का मतदाता सूची में गहन विश्लेषण पुनरीक्षण के विषय को लेकर 9 नवंबर को ग्राम रसेला के वनधन केन्द्र में कार्यशाला हुई। जिसमें मुख्य वक्ता योगेश शर्मा और पारस ठाकुर व मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुभारंभ भारत माता की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर अतिथियों द्वारा किया गया। बैठक में उपस्थित सभी अतिथियों और सभी कार्यकर्ताओं का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। इस कार्यशाला के मुख्य वक्ता योगेश शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। अवैध तरीके से भी कई लोग वोट डालते हैं। जब गांव में चुनाव होता है तो शहर में नाम जुडाया कटाया जाता है। छत्तीसगढ़ से बंगाल चुनाव में लोग ट्रेन में वोट डालने गए थे।इसी सब को पड़ताल करने के लिए चुनाव आयोग ने एसआईआर लाया है। जिससे अवैध रूप जुड़े नामों की स्वत हटाया जाएगा वहीं छूटे हुए नामों को जोड़वाना है। इसी कड़ी में पूर्व जिला उपाध्यक्ष पारस ठाकुर ने कहा कि विपक्ष झूठा आरोप लगाता है कि वोट चोरी हो गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उद्देश्य है कि देशभर में मतदाता सूची का शुद्धिकरण सुनिश्चित हो। इसी समाधान लेकर चुनाव आयोग यह एसआईआर लाई है। जिसमें हम सबको प्रत्येक बूथ के मतदाता लिस्ट का चिन्हांकित करना है। मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल ने कहा कि एसआईआर निर्वाचन आयोग की प्रक्रिया का हिस्सा है, परंतु भाजपा का मानना है कि इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए स्थानीय कार्यकर्ताओं की भूमिका बेहद अहम है। स्थानीय कार्यकर्ता ही सही पहचान कर सकते हैं कि कौन व्यक्ति वास्तविक निवासी है और कौन बाहरी। महामंत्री नारायण सिन्हा ने कार्यकर्ताओं से अपील की है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रह जाए। इस कार्यशाला में सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता गण अपनी अपनी विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर सोहन ध्रुव, रोहित जगत, भीखम साहू, कमलेश्वर मरकाम, सुरेन्द्र ठाकुर, नारायण सिंह ठाकुर, कुशल ध्रुव, भीखम मरकाम, सोहन वैष्णव, भोजलाल नागेश, ललित राम, कृष्णा गुप्ता, प्रताप सिंह नेताम, विक्की ठाकुर, शोभा राम नागेश, धनेश्वर ठाकुर, समारुराम सोरी, देवेन्द्र साहू, हेमंत नेताम, वरूण कुमार नेताम, नारद कमार झवर अग्रवाल, भूषण साहू सहित भाजपा के समस्त कार्यकर्तागण उपस्थित थे।



खबर संक्षेप



## कंप्यूटर ऑपरेटर संघ के धरनास्थल पहुंचकर पूर्व नपाध्यक्ष राशि ने किया मांगों का समर्थन

**महासमुंद।** स्थानीय लोहिया चौक में जिला सहकारी समिति के तत्वावधान में कंप्यूटर ऑपरेटर संघ द्वारा अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल का पूर्व पालिकाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने धरनास्थल पर पहुंच कर समर्थन दिया। महिलांग ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का मुख्य आधार कृषक है। आप सभी ऑपरेटर भाई कृषक और कृषक की आय के बीच की कड़ी हो। आपके अथक परिश्रम से कृषक को उसकी उपज का दाम उनके खातों तक पहुँचता है। राज्य की साय सरकार केवल नारों व स्लोगनों तक ही सीमित है, धरातल पर क्रियान्वयन शून्य है। साय सरकार के सुशासन के दावों के बीच आप सभी मेरे भाई बहन स्वयं को छला महसूस कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष विजय कोसरे, उपाध्यक्ष कौशल साहू, संतोष पटेल, सचिव संतोष साहू व समिति के सदस्यों ने उनका मंच पर स्वागत किया।



## मुक्तिधाम सेवा समिति ने किया वृध्दा का अंतिम संस्कार

**महासमुंद।** शहर के दलदली रोड आशियाना वृद्धाश्रम निवासी ललिता बाई का निधन हो गया। परिजनों की अनुपस्थिति में मुक्तिधाम सेवा समिति ने अंतिम संस्कार किया। इस दौरान मुक्तिधाम सेवा समिति के सदस्य राजेन्द्र (राजू)चंद्राकर, ओम प्रकाश औसर, गुमान कोचर, डॉ. एजाज हसन नकवी, डॉ.जे शुक्ला, मनोज पटेल, फगवा पटेल, संजय साहू एवं वृद्धाश्रम स्टाफ मौजूद रहे।

### आयोजन : छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ का जिला स्तरीय दीपावली मिलन समारोह का आयोजन

# पिथौरा में पत्रकार संघ के भवन निर्माण के लिए विधायक ने की दस लाख रुपए देने की घोषणा







हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा स्थानीय वन काष्ठागार में जिला स्तरीय दीपावली मिलन समारोह का आयोजन जिलाध्यक्ष स्वप्निल तिवारी के संयोजकत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी तथा दूसरे सत्र में बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल मंचस्थ रहे। इस दौरान आमंत्रित छत्तीसगढ़ी भाषा के सुप्रसिद्ध कवि मीर अली मीर और हास्य रस के कवि कृष्णा भारती ने छत्तीसगढ़ी कविताओं से ख़ूब रंग जमाया।

विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने दूसरे सत्र को संबोधित करते हुए संघ के पदाधिकारियों के आग्रह पर पिथौरा में श्रमजीवी पत्रकार संघ के भवन निर्माण के लिए दस लाख रुपए की घोषणा की। विधायक डॉ. अग्रवाल ने कहा कि पत्रकारिता और राजनीति लोकतंत्र की दो आँखें हैं।

श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष स्वप्निल तिवारी और पिथौरा इकाई के अध्यक्ष मनोहर साहू और टीम ने स्वागत किया। स्वागत भाषण स्वप्निल तिवारी ने दिया। तिवारी ने कहा कि इस बार आयोजन को रचनात्मक विस्तार देते हुए कवि सम्मेलन भी आयोजित किया। मंच संचालन मनोहर साहू ने किया।

समारोह में जिले की पांच तहसीलों सरायपाली, बसना, पिथौरा, बागबाहरा और महासमुंद के पत्रकार, अनेक जनप्रतिनिधि और प्रबुद्ध नागरिक उत्साह के साथ शामिल हुए। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में पिथौरा नगर पंचायत के अध्यक्ष देवेश निषाद, पार्षदगण प्रेम राजन रौतिया, राम कुंवर सिन्हा और पुष्पकांत पटेल, पिथौरा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, मंडल अध्यक्ष पिथौरा (ग्रामीण) नीलकंठ साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पिथौरा के पूर्व अध्यक्ष अनंत सिंह वर्मा, श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश सचिव मनोज मिश्रा, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, वरिष्ठ साहित्यकार अशोक शर्मा और बंधु राजेश्वर खरे तथा पिथौरा के वरिष्ठ साहित्यकार शशि कुमार डडसेना उपस्थित रहे। आमंत्रित कवियों मीर अली मीर और कृष्णा भारती के काव्य पाठ के कार्यक्रम का संचालन श्रृंखला साहित्य मंच पिथौरा के अध्यक्ष प्रवीण प्रवाह ने किया।

### दूसरे सत्र में सम्मानित हुए कलमवीर

द्वितीय सत्र की अध्यक्षता श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी ने की। इस सत्र में विशेष अतिथि के रूप में जनपद पंचायत पिथौरा की अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे, जनपद उपाध्यक्ष ब्रम्हानंद पटेल, महासमुंद प्रेस क्लब अध्यक्ष रत्नेश सोनी, वरिष्ठ पत्रकार कृष्णानंद दुबे, पिथौरा के वरिष्ठ साहित्यकार उमेश दीक्षित और श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला महासचिव जनाब खान उपस्थित रहे। इस अवसर पर रक्तदान सहित समाज सेवा के विभिन्न सराहनीय कार्यों के लिए संबंधित संस्थाओं और उनके सदस्यों को शॉल, श्रीफल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अनगिनत बार रक्तदान करने वालों को रक्तवीर की उपाधि से अलंकृत किया गया।

### इन साथियों का हुआ सम्मान

इस अवसर पर मुख्य रूप से पत्रकार रत्नेश सोनी, धनंजय त्रिपाठी, आशुतोष शर्मा, उत्तरा विदानी, विपिन दुबे, अरविंद यादव, आशुतोष तिवारी, विजय चौहान, संजय यादव, मनोहर ठाकुर, भास्कर राव पंडारे, राहुल भोई, जन्मजय सिंहा, रेखराज साहू, अनीश लाला दानी, ताराचंद पटेल, ललित मुखर्जी, भगवान दास अग्रवाल, सीडी बघेल, सत्यप्रकाश अग्रवाल, मनहरण सोनवानी, कुबेरचरण नायक, ऋचा सहाय, राजेंद्र सिन्हा, पवन गुप्ता, राजेश मिश्रा, सुरेंद्र पांडे, विजय गुप्ता, निशु माटा, राजेश बंसल, प्रमोद सिन्हा, पवन अग्रवाल, भूषण साहू, सोनू सेन, उमाशंकर जलक्षत्री, नानू सोनी सहित जिले भर के पत्रकार व नगर के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

## गढ़पटनी में हुआ हनुमान की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



गढ़पटनी में हनुमान की प्राण प्रतिष्ठा समारोह अत्यंत भव्य और श्रद्धा से हुआ। सुबह कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिसमें ग्राम की महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाते हुए शोभायात्रा निकाली। इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला गढ़पटनी के बच्चों ने रामायण की पात्रों की मनमोहक झांकियां प्रस्तुत कीं। बच्चों ने श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता, शबरी और हनुमान के रूप में आकर्षक वेशभूषा धारण कर सबका ध्यानाकर्षण किया।

कलश यात्रा के उपरांत हनुमान की प्राण प्रतिष्ठा का पूजन विधिवत ढंग से किया गया। पूजा का संचालन पंडित दिनमणी कर के द्वारा मंत्रोच्चार और वैदिक विधि से किया गया। इस अवसर पर जजमान गणेश पटेल और बृजेश्वरी पटेल रहे, जिन्होंने पूरे विधि-विधान के साथ पूजा कराई। गांव के सभी श्रद्धालुओं ने आरती में भाग लेकर हनुमान जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजन के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम हिंदू परिषद के विभाग मंत्री सौरभ अग्रवाल, दिनेश डड़सेना प्रखंड उपाध्यक्ष बौद्धिक प्रेरणा की विचार रखें। ग्रामवासी लक्ष्मी प्रसाद पटेल सरपंच, रोशन पटेल, उपसरपंच प्रवीण कैवर्त, सियाराम पटेल, विद्यायापन पटेल, ढालेंद्र पटेल, देवानंद पटेल, देवेंद्र निषाद, विश्वजीत कैवर्त, महेंद्र पटेल, भगत राम पटेल, लाला अमरनाथ कैवर्त, मनीषा पटेल माधुरी, कृष्णा गुरु जी, सुग्रीव भोई, राधेश्याम पटेल, सरविंद सिदार प्रधान पाठक, लगन नाग, खीरवंती भोई, चंचला सतपती, निरुपमा विशाल, शंकर सिदार आदि उपस्थित रहे। सभी ने इस आयोजन को ऐतिहासिक और आध्यात्मिक रूप से अत्यंत प्रेरणादायक बताया। हनुमान की प्राण प्रतिष्ठा समारोह ने ग्राम गढ़पटनी को भक्ति, एकता और आनंद के रंग में रंग दिया।

## संकुल समन्वयक एवं प्राचार्यों की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



जनपद सभागार बसना में संकुल समन्वयक एवं प्राचार्यो की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी लोकेश्वर कंवर एवं विकासखंड स्रोत समन्वयक अनिल सिंह साव मौजूद रहे। बैठक की औपचारिक शुरुआत बीईओ कंवर द्वारा किया गया। जिसमें अपार आईडी एवं जाति प्रमाण पत्र को लेकर विस्तार पूर्वक समीक्षा की गई। प्रत्येक संकुल समन्वयक की स्कूलवार समीक्षा की गई। उत्कृष्ट कार्य करने वाले समन्वयकों की सराहना करते हुए कम काम करने वाले को बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। जिससे विकासखंड का स्तर बेहतर हो सके। पश्चात बीआरसीसी अनिल सिंह साव द्वारा वंदे मातरम कार्यक्रम सफल संचालन करने के लिए कहा गया। साथ ही साथ भवन निर्माण, बालवाड़ी, शिक्षा गुणवत्ता, 10वीं एवं 12वी बोर्ड परीक्षा की तैयारी, 5वी 8वी केंद्रीकृत परीक्षा की तैयारी, मध्यान्ह भोजन गुणवत्ता, शिक्षा अधिकार अधिनियम पर चर्चा, नशामुक्ति अभियान की प्रगति पर चर्चा, उल्लास प्रगति पर चर्चा, ऑनलाइन संबधित कार्य, स्वच्छ विद्यालय रेटिंग का अवलोकन, एफएलएन मेला आयोजन एवं अन्य बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक बताया गया। गिधली समन्वयक गजेंद्र नायक अपार आईडी में आने समस्याओ को बारीकी से बताया। तकनकी रूप से पारंगत समन्वयक डिजेन्द्र कुर्रे, वारिश कुमार, अमित भोई, घनश्याम साहू, सुरेश साहू, त्रिकांत बाघ, संतराम बंजारा, महेश नायक, सुरेश नंद एवं अन्य संकुल समन्वयकों ने बेहतर कार्य करने का आश्वशन भी दिए। साथ ही साथ प्राचार्य एन के पंडा, यज्ञ राम सिदार, सुरेश पटेल, श्याम लाल साहू, दुर्योधन साव, प्रदीप कुमार चौधरी एवं अन्य शालाओं के प्राचार्यगण सहयोग प्रदान करने के लिए आश्वासन दिए।



## खुसरूपाली में हुई छत्तीसगढ़ कलार समाज कार्यकारिणी की बैठक

**पिथौरा (ग्रामीण)।** छत्तीसगढ़ कलार समाज कौड़िया पिथौरा की कार्यकारिणी बैठक मंडलेश्वर पुनीत सिन्हा की अध्यक्षता में हुई। बैठक की शुरुआत समाज के इष्टदेव भगवान सहस्त्रबाहु की पूजा-अर्चना के साथ की गई। बैठक में समाज के सभी प्रमुख पदाधिकारी, ग्राम प्रमुख, महिला प्रमुख एवं युवा मंच के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक के दौरान समाज को प्राप्त 7 आवेदनों का निराकरण किया गया। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि सामाजिक वार्षिक बैठक का आयोजन बुंदेली परिक्षेत्र के ग्राम परसोदा में किया जाएगा। इसके अलावा बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं एवं समाज के वृद्धजनों का सम्मान किए जाने का भी निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ग्राम खुसरूपाली के सामाजिक प्रमुखों, महिला प्रमुखों एवं युवा मंच के सदस्यों का विशेष योगदान रहा। बैठक में प्रमुख रूप से मंडलेश्वर दानेश्वर सिन्हा, जगत राम डड़सेना, जिला प्रमुख सलाहकार लोकनाथ डड़सेना, जिला सचिव परमेश्वर डड़सेना, संरक्षक प्रेम सिन्हा, सचिव पोला राम डड़सेना, कोषाध्यक्ष महेंद्र सिन्हा, प्रमुख सलाहकार लोकप्रकाश डड़सेना, आत्मा राम गजेंद्र, उपाध्यक्ष नंदकुमार सिन्हा, आत्मा राम पंकज, मानश्रवण डड़सेना, पूर्व मंडलेश्वर माखन डड़सेना, राजनीति प्रकोष्ठ संयोजक शैलेंद्र डड़सेना, क्षेत्राधिकारी डॉ. हिरदेश सिन्हा, पुष्पराज गजेंद्र, रामचरण डड़सेना, श्याम लाल डड़सेना, रमेश सिन्हा, प्रचार मंत्री लखन डड़सेना, सहप्रचार मंत्री रामकुमार डड़सेना, युवा मंच अध्यक्ष ओम सिन्हा, सचिव चंद्र पाल सिन्हा, आमंत्रित अतिथि सबुलाल सिन्हा, रतन डड़सेना, नगर प्रमुख राजू सिन्हा, ग्राम प्रमुख अशोक डड़सेना, भेखराम डड़सेना, हलधर डड़सेना, डीगराम डड़सेना, सुंदर डड़सेना, नेत्र राम डड़सेना, अजय डड़सेना, नितेश डड़सेना, टिकेश्वर डड़सेना, इंदेश्वर डड़सेना, सादराम डड़सेना, रामायण डड़सेना, भगवती डड़सेना आदि मौजूद रहे।

# 400 यूनिट बिजली खपत पर पुनः लागू हो हाफ बिजली बिल योजना : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के

- छत्तीसगढ़वासियों को महंगी बिजली बिल भेजकर परेशान कर रही भाजपा सरकार

पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि पूर्ववर्ती भूपेश सरकार में आम जनता को मिल रही हाफ बिजली बिल योजना को भाजपा सरकार द्वारा बंद किए जाने से पूरे प्रदेश में भाजपा की साय सरकार के विरूद्ध गहरी नाराजगी व्याप्त है। कांग्रेस ने जनहित के इस मुद्दे पर आवाज उठाया है, और आगे भी जनता के हर सुख दुख में कांग्रेस साथ खड़ी है। भाजपा की सरकार ने भूपेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे कई महत्वपूर्ण जनहित की योजनाओं को बंद कर दिया। राज्य में साय सरकार के तानाशाही रवैये से भारी जनाक्रोश है। भूपेश सरकार ने गरीब, मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए 400 यूनिट बिजली खपत पर हाफ बिजली बिल योजना का लाभ प्रदेशवासियों को दिया। कांग्रेस के इस योजना से प्रदेश के 60 लाख से अधिक उपभोक्ता परिवारों को हाफ बिजली बिल योजना का लाभ मिला। लेकिन, भाजपा ने इस जनहित के महत्वपूर्ण योजना को महज इसलिए बंद कर दिया कि इसे कांग्रेस ने बनाई थी। 400 यूनिट तक खपत में जनता को हाफ बिजली बिल मिलता था। भूपेश सरकार ने बिजली के दामों को भी स्थिर रखा। सरकार बदलते ही भाजपा ने बिजली दर में अनेक दफे वृद्धि की। साथ ही हाफ बिजली बिल योजना भी बंद कर दिया। उससे गरीब उपभोक्ताओं को भारी बिजली बिल का सामना करना पड़ रहा है। साय सरकार ने जनहित की नई योजना तो नहीं बनाई लेकिन, उन तमाम योजनाओं को बंद कर दिया जिससे गरीब व मध्यम वर्ग लोगों को राहत मिल रही थी। सरकार का यह कृत्य गरीब विरोधी होने का प्रमाण है। यदि भाजपा की सरकार गरीबों का सरकार है तो पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन के भूपेश सरकार की तरह 400 यूनिट खपत पर हाफ बिजली बिल योजना का लाभ आम उपभोक्ताओं को प्रदान करें। चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के कोयले से देश के अन्य राज्यों में बिजली उत्पादन किया जा रहा है। यह विडंबना ही है कि छत्तीसगढ़वासियों को अपनी ही संपत्ति का उपभोग खरीदकर करना पड़ रहा है।



भाजपा ने अडाणी, अंबानी जैसे उद्योगपति मित्रों को लाभ पहुँचाने छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासियों का अधिकार छीना है। पानी, बिजली, कोयला, लौह, अयस्क जैसे खनिज संपदा से भरपूर छत्तीसगढ़ के लोगों को अपने हक के लिए सरकार का मूंह ताकना पड़ रहा है। चंद्राकर ने कहा कि पूर्ववर्ती भूपेश शासन में मिल रहे 400 यूनिट हाफ बिजली बिल योजना को पुनः लागू कर प्रदेशवासियों को राहत प्रदान करें। तथा विगत 4 महीनों से उपभोक्ताओं को जो बढ़ी हुई बिजली बिल भेजकर अतिरिक्त राशि की वसूली भाजपा सरकार ने की, उसे उपभोक्ताओं को वापस कर गरीब हितैषी सरकार होने का परिचय दें।



## मनवा कुर्मी समाज ने मनाई पटेल की जयंती

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज नगर इकाई द्वारा डॉ खूबचंद बघेल सामुदायिक भवन दलदली रोड में राष्ट्रीय एकता दिवस पर सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर नगर इकाई अध्यक्ष उत्तम वर्मा ने राष्ट्रीय एकता के सूत्रधार सरदार पटेल के कार्यों का स्मरण करते हुए समाज को एकता के सूत्र में बांधने की बात कही। जन्मजयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कोषाध्यक्ष प्रदीप वर्मा ने कहा कि जिस प्रकार सरदार पटेल ने देश के 552 रियासतों को सफलता पूर्वक एक धागे में पिरोकर पूरे भारत देश को सामाजिक एवं आर्थिक रूप से मजबूत किया। ठीक उसी प्रकार हमें भी गांव-गांव में निवासरत कुर्मी समाज के एक एक सदस्यों को जोड़ते हुए छत्तीसगढ़ को सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सुदृढ़ करना है, जिससे भारत देश को विकसित करने में छत्तीसगढ़ के मनवा कुर्मी समाज का योगदान स्मरण किया जावे। कार्यक्रम में समाज की महिला अध्यक्ष पानू वर्मा, किरण वर्मा, सुमन बघमर, ललित वर्मा, रामदयाल वर्मा, बलदाऊ प्रसाद परगनिहा, भगवती प्रसाद, डीपी वर्मा, नंदकुमारी वर्मा, अन्नपूर्णा वर्मा, ललिता वर्मा, पार्वती वर्मा, शकुंतला वर्मा, राकेश वर्मा, योगेंद्र वर्मा, उपेंद्र बघमार, मोनिका वर्मा, दिनेश्वरी वर्मा, पिंकी वर्मा, शेषनारायण वर्मा, राजेंद्र वर्मा, मोतीलाल, प्रकाश वर्मा, बीरू वर्मा, तुलाराम वर्मा, मोती वर्मा, देवकी वर्मा, पूनम वर्मा, चंचल वर्मा, सुनीता वर्मा, कृतिका वर्मा, स्वेच्छा वर्मा, मोक्षिता वर्मा, युक्ति वर्मा, सार्थक वर्मा सहित सामाजिक सदस्य उपस्थित हुए। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन महिला अध्यक्ष पानू वर्मा ने किया।

## जिला स्तरीय तीन दिवसीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ

**महासमुंद।** जिला स्तरीय तीन दिवसीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ अंबेडकर भवन में हुआ। 10 से 12 नवंबर तक यह शिविर करुणा दुबे प्राचार्य अग्रणी महाविद्यालय एवं अध्यक्ष उपपदेन यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी के मार्गदर्शन व डॉ मालती तिवारी शिविर संचालक एवं अशोक गिरी गोस्वामी जिला संगठक यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी के निर्देशन में आयोजित है। प्रथम दिवस विधिवत रेडक्रॉस का ध्वज फहराकर एवं रेडक्रॉस गीत गायन कर शुभारंभ किया गया। प्रातः 08 बजे से यूथ रेडक्रॉस शिवरार्थियों का पंजीयन प्रारंभ हुआ। जिसमें 18 विद्यालय एवं महाविद्यालय के लगभग 220 शिवरार्थियों का पंजीयन हुआ। सभी विद्यालय एवं महाविद्यालय के काउंसिलर का भी पंजीयन कराया गया। सभी शिवरार्थियों को मास्टर ट्रेनर दिनेश साहू द्वारा यूथ रेडक्रॉस क्या है, इसकी उत्पत्ति कैसे हुई इसकी विस्तृत जानकारी दी। किरण पटेल द्वारा नए शिवरार्थियों को रेडक्रॉस ताली, नियम, अनुशासन के बारे में अवगत कराया गया। द्वितीय सत्र में शिविर संचालक डॉ मालती तिवारी एवं अशोक गिरी गोस्वामी द्वारा काउंसलर का समीक्षा बैठक ली गई। सभी का परिचय एवं सम्मिलित छात्रों की जानकारी ली गई। संदीप दीवान सभापति यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा सभी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। अशोक गिरी गोस्वामी द्वारा शिविर दिनचर्या, नियम एवं अनुशासन के बारे में जानकारी दी। शिविर उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, विशेष अतिथि पूर्व विधायक पूनम चंद्राकर, अध्यक्ष करुणा दुबे प्राचार्य, विशेष अतिथि संदीप दीवान, देवीचंद राठी उपाध्यक्ष नपा, रमेश साहू, प्रांशु चंद्राकर सरपंच ग्राम पंचायत खैरा, डॉ मालती तिवारी शिविर संचालक, पारस चोपड़ा कोषाध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, अशोक गिरी गोस्वामी मंचस्थ रहे। स्वागत उद्बोधन में डॉ मालती तिवारी ने कहा कि इस शिविर में हम मानवता, तटस्थता, एकता एवं सार्वभौमिकता सीखने को मिलता है। विधायक सिन्हा ने सभी शिवरार्थियों को अपना श्रेष्ठ भूमिका निभाने के लिए कहा गया। और कहा कि हम सब रेडक्रॉस के उद्देश्यों को अपनाकर समाज में जागरूकता लाएंगे। करुणा दुबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम सामाजिक असमानता को दूर करना इस हमारे शिविर का उद्देश्य है। कार्यक्रम में डॉ. स्वेतलाना नागल सहायक शिविर संचालक, डॉ जगदीश सत्यम, डॉ खिलावन पटेल, शेखर कानूनगो, प्रकाशमणि साहू आदि मौजूद रहे।

### कलेक्टर ने बागबाहरा-पिथौरा विखं का किया दौरा, घर-घर सत्यापन का लिया जायजा

# कलेक्टर ने अंतरराज्यीय चेक पोस्ट टेमरी का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय लंगेह ने बागबाहरा एवं पिथौरा विकासखंड क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अंतरराज्यीय चेक पोस्ट एवं विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत घर-घर सत्यापन का जायजा लिया। उन्होंने बागबाहरा के मंडी में बीएलओ से जानकारी ली और गणना प्रपत्र में आवश्यक विवरण पूर्ण रूप से भरकर संकलन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी पात्र नागरिकों से मतदाता सूची पुनरीक्षण में सक्रिय भागीदारी और सहयोग करने की अपील की है।

उल्लेखनीय है कि जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में तेजी देखी जा रही है। महासमुंद जिले में 8 लाख 86 हजार 422 पंजीकृत मतदाता हैं। चारों विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र और घोषणा प्रपत्र वितरित कर रहे हैं तथा आवश्यक दस्तावेज संकलित कर रहे हैं। जिले में एक हजार 83 बीएलओ नियुक्त किए गए हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ) मतदान केंद्र स्तर पर कार्यों की सतत मॉनिटरिंग कर रहे हैं। ग्रामीण एवं शहरी दोनों ही क्षेत्रों में बीएलओ सक्रियता से कार्यरत हैं।



दौरे के दौरान कलेक्टर लंगेह ने समर्थन मूल्य पर राज्य सरकार के धान खरीदी की तैयारियों का जायजा लेने बागबाहरा विकासखंड के टेमरी अंतर्राज्यीय नाका एवं सीमावर्ती नाकों का भी निरीक्षण किया। साथ ही पिथौरा अंतर्गत लारीपुर चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने अवैध धान परिवहन एवं विक्रय की रोकथाम के लिए गठित टीमों से जानकारी ली और सख्त निगरानी के निर्देश दिए। जिले में सीमावर्ती क्षेत्रों में नियंत्रण के लिए कुल 16 चेकपोस्ट स्थापित किए गए हैं, जिनमें राजस्व, मंडी एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

इसके अलावा प्रत्येक केंद्र में नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिले में राज्य शासन के निर्देशानुसार 15 नवंबर से धान खरीदी का कार्य 182 उपार्जन केंद्रों में प्रारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर बागबाहरा एसडीएम नमिता मारकोले एवं पिथौरा एसडीएम बजरंग वर्मा, तहसीलदार एवं बीएलओ मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें



**छुईहा बेलर।** गांव -गांव में सायबर बैठक में पुलिस विभाग और डायल 112 के संयुक्त जागरूकता अभियान में लोगों को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के लिए जागरूक रहने, संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने, और किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी की सूचना तुरंत डायल 112 या साइबर हेल्पलाइन 1930 पर देने के बारे में फिंगेश्वर थाना से पहुंचे प्रधान आरक्षक संकल्प साहू, प्रधान आरक्षक भगवान सिंह ठाकुर, मकेश्वर कंचन डालय 112 की टीम ने ग्राम छुईहा में सोमवार को बस स्टैंड में गजेन्द्र सिन्हा, हेमलाल सिन्हा, बृज सिन्हा, रामलाल ध्रुव, थनेश्वर सिन्हा इत्यादि ग्रामवासी छुईहा, स्कूल छात्र को यह भी सलाह दी गई कि वे किसी भी अनजान व्यक्ति से वीडियो कॉल स्वीकार न करें, अपने बैंक खाते की जानकारी किसी के साथ साझा न करें और अपने बैंक खाते को किसी भी प्रकार के अवैध सट्टेबाजी ऐप से न जोड़ें। अगर कोई आपको पुलिस या सीबीआई बनकर कॉल करता है और ऑनलाइन गिरफ्तारी की धमकी देता है, तो तुरंत डायल 112 या 1930 पर रिपोर्ट करें। किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें जो रैंडम नंबरों से आए हों।अपना ओटीपी और बैंक खाते से जुड़ी कोई भी जानकारी किसी के साथ साझा न करें। अजनबियों से वीडियो कॉल स्वीकार न करें। युवाओं को आसान पैसे के लालच में आकर अपना बैंक खाता किराए पर न देने की हिदायत दी गई, क्योंकि यह विभिन्न साइबर अपराधों से जुड़ा हो सकता है।

### मुरूम का अवैध परिवहन, अज्ञात लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** मुरूम के अवैध परिवहन की रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ तुमगांव थाने में मामला दर्ज किया गया है। मामले की रिपोर्ट शेल्के कंस्ट्रक्शन प्राईवेट लिमिटेड ग्राम पचेडा कैंप अभनपुर के लाईजनिंग आफिसर ने दर्ज कराई है।

# तीर-धनुष लेकर पदयात्रा में निकले ग्रामीण, राज्यपाल को बताएंगे समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मुख्यालय मैनपुर नगर में सुबह से विशेष पिछड़ी आदिवासी कमार जनजाति के ग्रामीण सैकड़ों की संख्या में कमार समाज भवन में एकत्र हुए है अपने हक अधिकार की मांगों को लेकर मैनपुर से रायपुर राजभवन तक लगभग 150 किमी दूर पदयात्रा का शुभारंभ किए हैं।

ये कमार जनजाति के लोग पदयात्रा करते हुए राजधानी पहुंच राज्यपाल को अपने समस्याओं से अवगत करायेंगे साथ ही समस्याओं के समाधान की मांग करेंगे। कमार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनसिंग सोरी के नेतृत्व में सैकड़ों लोग पदयात्रा प्रारंभ किए हैं साथ ही अपने पारंपरिक हथियार तीर धनुष कुल्हाड़ी लेकर नारेबाजी करते हुए चल रहे है। इनके सुरक्षा के लिए पुलिस के जवान भी पदयात्र के साथ-साथ चल रहे है। मैनपुर में सभा को संबोधित करते हुए कमार समाज के अध्यक्ष बनसिंग सोरी ने कहा की हमे विशेष पिछड़ी जनजाति का दर्जा मिला है लेकिन हमारे विकास और उत्थान के लिए जो योजनाएं बनती है वह हम तक नहीं पहुंच पा रही है आज भी कमार जनजाति के लोग मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं और तो और जनमन योजना के तहत आवास योजना का भी लाभ सभी लोगों को नहीं मिल रहा है। कमार जनजाति ग्रामों में पेयजल, सड़क, बिजली, जर्जर स्कूल, स्वास्थ्य सुविधा, हैंडपंप खराब, शिक्षक की कमी जैसी छोटी-छोटी मांगों को लेकर परेशान हो रहे हैं हमारी समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है।

बरदुला से डुमरघाट तक पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के घोषणा के बावजूद बिजली नहीं लगी है। आज मजबुरन कमार जनजाति के लोगों को अपने हक और अधिकार के लिए आंदोलन करना पड़ रहा है।

**कमार जनजाति के लोग अपनी मांगों को लेकर 150 किमी की पदयात्रा शुरु की**



### समस्याओं से कराएंगे अवगत

उन्होने आगे कहा की हम पैदल 150 किमी की दूरी तय कर सीधे राज्यपाल से मूलाकात करेंगे और अपनी समस्याओं से उन्हे अवगत करायेंगे। इस दौरान प्रमुख रूप से कमार समाज अध्यक्ष बनसिंग सोरी, जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, घेनुराम, देवकी तिरधारी, मधुराम नेताम, रतन नेताम, हीरालाल नेताम, अर्जुन लाल सोरी, सुनाराम सोरी, रतीराम नेताम, दिलीप कुमार, श्यामलाल सोरी, रामसिंह, रब्बेसिंह, कुशल नेताम, अमकराम नेताम, संतोष कुमार, सगनुराम, जीवन लाल, उग्रसेन, सुंदरलाल, नोहरलाल, सुमित्र, गुंजेश कपिल, बाबूलाल, बिरोबाई, देवकी बाई, चमरीन, मथुरा बाई, श्रीराम नेताम, जगतराम, रामसिंह, भोजलाल, फुलसिंग, नाथुराम, छेदईयाराम, जोगो, मनबोध, सुखराम, मनहरन सहित सैकड़ो की संख्या में कमार जनजाति के लोग शामिल है।

# भाजपा मंडल ने आयोजित की मतदाता सूची विशेष गहन पुन निरीक्षण कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



छत्तीसगढ़ भाजपा तथा जिला भाजपा का निर्देश पर भाजपा मंडल फिंगेश्वर के द्वारा एक दिवसीय मतदाता सूची विशेष गहन पुर्न निरीक्षण को लेकर कार्यशाला आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य वक्ता वरिष्ठ भाजपा नेता मुरलीधर सिन्हा ने एसआईआर कार्यशाला में भाजपा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मतदाता सूची से अपात्र नाम हटने या मृतक के नाम कटने स्थानांतरित या दो स्थानों पर पंजीकृत मतदाताओं के नाम हटाए जाते हैं जिससे एक व्यक्ति एक वोट के सिद्धांत को लेकर मजबूती मिलती है और चुनावी धोखाधड़ी इससे रूकती है। चुनाव की लोकप्रियता और विश्वस्वनीयता बढ़ेगी। अप्रवासी और घुसपैठिये गलत तरीके के अपने आपको मतदाता बना चुके हैं उनकी छटनी निहायत जरूरी है। सभी कार्यकर्ताओं विशेष रूप से अपने-अपने मतदान केंद्रों के बीएलओ से संपर्क कर उनके कार्य में उनका सहयोग अवश्य करें।कार्यशाला को जिला से आए सह प्रभारी आसिफ मेमन, वरिष्ठ नेता भागवत हरित, फिंगेश्वर मंडल अध्यक्ष मंजुलता हरित ने भी महत्वपूर्ण बिंदुओं से दिशा निर्देश देकर विशेष रूप से अवगत कराया और कहा राष्ट्र की सुरक्षा के दृष्टिकोण से यह अत्यंत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटि रहित सटीक और समावेशी बनाना है। हम सभी भारतीय मतदाताओं को सजगता के साथ इसको सफल बनाना है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने सामूहिक राष्ट्रीय गीत का गायन किया। इस अवसर पर वरिष्ट भाजपा नेता भागवत हरित, जिला के उपाध्यक्ष ईश्वर लाल साहू, मंडल महामंत्री भुवन साहू, प्रेमलाल टोडर, दशरथ सिन्हा, भगवत सिन्हा, मिजून साहू, तुला राम साहू, सीमा ठाकुर, छबि साहू अशोक साहू, अश्वनी विश्वकर्मा, वीणा निषाद, चांदनी कश्यप, चिंता साहू, मथुरा साहू, मिथलेश साहू, संगीता साहू, कुमार मंडले, संतराम साहू, रोबा, चूमन साहू, संतराम साहू सहित अनेकों कार्यकर्ता शामिल हुए। उक्त कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री भुवन साहू ने किया और आभार मंडल महामंत्री प्रेमलाल टोडर ने किया।

## खडमा भाजपा मंडल में मतदाता सूची विशेष गहन पुनर निरीक्षण कार्यशाला



**मुड़ागांव (कोरासी)।** छत्तीसगढ़ भाजपा एवं जिला भाजपा के निर्देश पर भाजपा मंडल खड़मा में मतदाता सूची विशेष गहन पुनर निरीक्षण कार्यशाला आयोजित किया गया जिसमें प्रमुख प्रभारी पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय सहप्रभारी, जिला भाजपा उपाध्यक्ष केशरी ध्रुव, जिला भाजपा उपाध्यक्ष ईश्वर लाल साहू, जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर, जनपद सदस्य पंकज निर्मलकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष छुरा पीलु राम यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष पांडुका संदीप पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, महामंत्री पालेन्द्र साहू, मंडल उपाध्यक्ष रमन नामदेव, उपाध्यक्ष लता साहू, पूर्णिमा, जनपद सदस्य विष्णु नागेश, जनपद सदस्य पुष्पा लता सिन्हा, रूपेश्वर साहू, उपाध्यक्ष मंडल गुलशन सिन्हा, शक्ति प्रभारी जगन्नाथ पाण्डेय, लक्षमन वर्मा, संयोजक तुका सिन्हा, कैलास साहू, उमेद सिंह दीवान, गोविन्द यादव, धनीराम, खेमलाल सिन्हा, पोलिंग बूथ अध्यक्ष रवि साहू, डोमन विश्वकर्मा, मानसिंग दीवान, मुकेश पटेल, घनश्याम साहू, राजकुमार ध्रुव, ओमप्रकाश साहू और सभी जेष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। स्वागत अभिनन्दन भाषण खडमा मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा सभी का स्वागत अभिनन्दन करते हुए कार्यशाला में पहुंचे। सभी का मंडल खडमा की ओर से अभिवादन किया साथ ही साथ सबको पूरे ईमानदारी के साथ जो संगठन ने जो दायित्व दिया है उसे पूर्ण करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री पालेन्द्र साहू ने किया।



## निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण पर विशेष ध्यान दें : विधायक साहू

**नवापारा-राजिम।** एसआईआर स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन अंतर्गत निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण पर आधारित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला स्थानीय ऋषिदास वैष्णव भवन में आयोजित की गई। प्रारंभ में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर स्मरणोत्सव के रूप में वन्देमातरम का सामूहिक गायन भी किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक इंद्रकुमार साहू, एसआईआर प्रभारी किशन शर्मा, जिला उपाध्यक्ष विजय गोयल, मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी एवं बीएल ए ,बूथ अध्यक्ष व भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। कार्यक्रम में विधायक इंद्रकुमार साहू ने विस्तार से निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण पर चर्चा की एवं सभी कार्यकर्ताओं को विशेष ध्यान देकर नाम जोड़ने के लिए अपील की। भाजपा रायपुर जिला ग्रामीण के उपाध्यक्ष विजय गोयल ने एसआईआर संबंधित जानकारी दी। मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा ने सभी बीएलए 2 एवं बूथ अध्यक्ष को अपने बूथ में एवं कुछ भी दिक्कत होने पर अधिकारी एवं संगठन को सूचित करने कहा। कार्यक्रम में प्रभारी किशन शर्मा, पूर्व जिला मंत्री परदेसी राम साहू, विधायक प्रतिनिधि संजय साहू, महामंत्री चेतन साहू, सिंटू सौरभ जैन, सभापति सहदेव कंसारी, सचिन सचदेव, जग्गू यादव, पूजा कंसारी, पार्षद जीना निषाद, नम्मू ध्रुव, लोमेश्वरी साहू, निर्मला-धीरज साहू, मुकुंद मेश्राम, मनीष देवांगन, तनु मिश्रा, योगिता सिन्हा, किरण सोनी, संतोषी कंसारी, मनीष चौधरी, उमा कंसारी, गीता राजपूत, राजू रजक, प्रेम साधवानी, अनुज राजपूत, संजीव सोनी, दूजराम साहू, देवेंद्र साहू, रामकुमार साहू, चद्रिरका साहू, प्रतीक शर्मा मौजूद थे।

# जगदीश साहू 30 मतों से बने अध्यक्ष



**फिंगेश्वर/कौंदकेरा।** जिला साहू संघ गरियाबंद के निर्देशन और चुनाव अधिकारियों की देखरेख में तहसील साहू संघ राजिम का चुनाव 8 नवंबर को ग्राम कौंदकेरा के राजिम भक्तिन मंदिर प्रांगण में शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। इस दौरान समाज के 316 पंजीकृत मतदाताओं में से 280 मतदाताओं ने मतदान कर लोकतांत्रिक भागीदारी निभाई। अध्यक्ष पद के लिए हुए सीधे मुकाबले में जगदीश साहू ने 154 मत प्राप्त कर विजय हासिल की। उनके प्रतिद्वंदी भारती साहू को 124 मत प्राप्त हुए। जगदीश साहू 30 मतों से विजयी घोषित हुए। उपाध्यक्ष पद पर में बीरेंद्र साहू ने 139 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। उनके प्रतिद्वंदी मनहरण साहू को 138 मत मिले। महिला उपाध्यक्ष पद पर धानबाई साहू व संगठन सचिव उमेद राम साहू निर्विरोध चुने गए। वहीं महिला संयुक्त सचिव पद पर टेमेश्वरी साहू को 156 मत प्राप्त हुए उनके प्रतिद्वंद्वी को चमेली साहू को 120 मत प्राप्त हुए जिसके चलते 36 मतों से निर्वाचित घोषित हुईं। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी नारायण साहू, निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र साहू, सहायक निर्वाचन अधिकारी हेमंत साहू, घनश्याम साहू, रोशन साहू, हेमराज साहू, जागेश्वर साहू उपस्थित रहे। निर्वाचन उपरांत नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया तथा समाज के लोगों ने फूल-मालाओं और गुलाल से अभिनंदन कर बधाई दी है। इस अवसर पर युगल किशोर साहू, रजऊ साहू, दुष्यंत साहू, बंशी साहू, नेमीचंद साहू, प्रवीण साहू, विक्रम साहू, पुरूषोतम साहू, ओंकार साहू, होमनलाल साहू, थानेश्वर साहू, तामेश्वर साहू, चंदन साहू, कमलेश साहू, होरीलाल साहू, नेमीचंद साहू, मिश्री साहू, भोला साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिक व्यक्ति मौजूद रहे।

## यादव समाज के मातर महोत्सव में शामिल होने मैनपुर पहुचेंगे शिक्षामंत्री गजेन्द्र यादव



**मैनपुर।** यादव समाज मैनपुर क्षेत्र के एक प्रतिनिधि मंडल सोमवार को राजधानी रायपुर पहुंचकर छत्तीसगढ़ सरकार के शिक्षामंत्री गजेन्द्र यादव से मुलाकात कर उन्हे मैनपुर में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले मातर महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने आमंत्रित किया। इस दौरान यादव समाज के समस्याओं से उन्हे अवगत कराया गया। मंत्री गजेन्द्र यादव ने मैनपुर में आयोजित होने वाले मातर महोत्सव में शामिल होने का निमंत्रण स्वीकार किया है। इस मौके पर यादव समाज के जिला उपाध्यक्ष गेंदु यादव, सुकदेव यादव, शांतुराम यादव, भगोलीराम यादव, दयाराम यादव, रामलाल यादव, पीलाराम यादव, सरजु यादव, सुखराम यादव, अवध यादव, श्यामलाल यादव व बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे। ज्ञात हो कि मैनपुर में हर वर्ष मातर महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाता है यादव समाज द्वारा मातर महोत्सव को लेकर जोरशोर से तयारी किया जा रहा है।

# कलार समाज के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक से भेंट कर समाज भवन के लिए मांगा सहयोग



**छुईहा बेलर।** फिंगेश्वर परिक्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम कलार चरौदा में कलार समाज के पदाधिकारी व प्रतिनिधि राजिम विधायक रोहित साहू से सोमवार को विधायक जन दर्शन मिले। सोमवार को लगने वाले जनदर्शन में और भी अन्य समाज, जनप्रतिनिधि, सरपंच, गांव- गांव से ग्रामीण पहुंचे थे। अपनी अपनी बातों को रख रहे थे। विधायक ने सबकी आवेदन पढ़कर यथोचित समाधान करने प्रयास किया। इसी भेंट मुलाकात में कलार समाज फिंगेश्वर परिक्षेत्र अन्तर्गत ग्राम कलार समाज चरौदा के समाजिक पदाधिकारी ने मुलाकात किया। इस मौके पर कलार ने विधायक को शाल श्रीफल माला पहनाकर सम्मानित किया वहीं जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि नेहरू साहू साथ पूर्व सरपंच सेंदर रामाधार साहू, विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा को गमछा माला पहनाकर कर स्वागत किया गया। समाजजनों ने कलार समाज की गतिविधि से विधायक को अवगत कराया गया। और समाज के कार्यक्रम में बतौर अतिथि आमंत्रित किया गया। मिलने वालों ने विधायक को बताया कि समाज की दान अनुदान से समाजिक गतिविधि संचालित करने भवन की नींव रखी गई है। इसे विस्तार कर सर्वसुविधायुक्त भवन की स्वीकृत करने की समस्त समाज का हस्ताक्षर युक्त मांग आवेदन पर विधायक ने चरौदा में जब सार्वजनिक कार्यक्रम हो पहली प्राथमिकता कलार समाज भवन की होने का आश्वासन दिया गया। इससे पहले कलार समाज के अपने आराध्य भगवान सहस्त्रबाहू और आराध्य माता बहादुर कलारिन की पूजा-अर्चना कर रवाना हुए थे। ग्राम प्रमुख डंकु सिन्हा, ललीत सिन्हा, कौशल सिन्हा, भागवत सिन्हा, चन्द्रहास सिन्हा, इतवारी सिन्हा, अनिल सिन्हा, संजय सिन्हा, अभय सिन्हा, क्षबेराम, आन्नद, पिपलेश्वर, हरिश, संजु, प्रमेन्द्र, खिलेश्वर, छत्रपाल, टिकाराम, योगेश इत्यादि कलार समाज उपस्थित थे।

## शैक्षणिक विकास के लिए करियर काउंसिलिंग एवं जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन

**छुरा।** आईएसबीएम यूनिवर्सिटी के स्वास्थ्य और संबद्ध विज्ञान संकाय, फार्मेसी विभाग द्वारा विद्यार्थियों के समग्र विकास एवं भविष्य निर्माण के लिए स्वयं मूल्यांकन एवं करियर अन्वेषण करियर मार्गदर्शन क्षेत्र और योजना विषय पर एक दिवसीय करियर काउंसलिंग एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक अश्वनी कुमार साहू ने करियर योजना, आत्ममूल्यांकन और कौशल विकास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सफलता के लिए आत्मचिंतन, रुचियों की पहचान और उचित मार्गदर्शन आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को बताया कि कैसे वे अपनी क्षमताओं और रुचियों का मूल्यांकन करके अपने लिए सही करियर दिशा तय कर सकते हैं। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. एन कुमार स्वामी, अकादमिक डीन एवं आईक्यूएसी निदेशक,



आईएसबीएम विश्वविद्यालय ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में करियर की सही योजना और स्कोप की समझ होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विभिन्न करियर विकल्पों, उद्योग की बदलती मांगों, उच्च शिक्षा के अवसरों और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। कुलपति डॉ. आनंद महलवार ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों को आत्मविश्वास और दिशा प्रदान करते हैं, जिससे वे अपने जीवन में सुनियोजित तरीके से आगे बढ़ सकें। हमारे इस पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रमुखतः रूप से फार्मेसी विभाग के विभागाध्यक्ष युगल किशोर राजपूत, राजेन्द्र कुमार साहू, डॉ. ओमप्रकाश साहू, प्रतिभा जायसवाल, विकास साहू, डॉली यद्धु, सभी लैब इंचार्ज का विशेष सहयोग रहा। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ विनय एम अग्रवाल, कुलपति डॉ. आनंद महलवार, कुलसचिव डॉ. बीपी भोल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभाषिस विश्वास, अकादमिक डीन डॉ. एनके स्वामी सभी ने फार्मेसी विभाग को बधाई दिया गया एवं आगे भी इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रोत्साहित और सहयोग किया जाएगा।

**न्यायालय तहसीलदार छुरा, जिला गरियाबंद (छ.ग.)**

**:: उद्घोषणा ::**

रा.प्र.क्र./ / ब-121/ वर्ष 20 - 20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक जगतराम साहू वल्द प्रीतराम साहू जाति तेली ग्राम पण्डरीपानी प.ह.नं. 22 रा.नि.मं. व तहसील छुरा जिला गरियाबंद (छ.ग.) ने अपने माता देवकुवर साहू के जन्म प्रमाण पत्र/मृत्यु प्रमाण पत्र 01 वर्ष की अवधि के अंदर पंजीयन नही कराने के कारण विलंबित जन्म/मृत्यु का पंजीयन किए जाने हेतु उप पंजीयक (जन्म/मृत्यु) को आदेशित करने बाबत् (जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरन अधिनियम 1969 की धारा 13(3) एवं छ.ग. जन्म / मृत्यु रजि. नियम 2001 के नियम 9(3) के प्रयोजन हेतु) शपथ पत्र मय अनुपल्बधता प्रमाण सहित प्रस्तुत किया हैं।

उपरोक्त संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति/ संस्था/ शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ निकाय या अन्य संस्था को किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 12/11/2025 इस न्यायालय में स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त होने वाले दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का कोई विचार नही किया जायेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनाँक 29/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

(मुहर) तहसीलदार छुरा

**// आम सूचना //**

ग्राम बोरिद, प.ह.न. 08 रा.नि.म. व तहसील फिंगेश्वर जिला गरियाबंद छ.ग. स्थित भूमि ख.न.-529/4 रकबा 0.71 हे. भूमि के संबंध में-

एतद द्वारा सर्वसाधारण/आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार विरेन्द्र यादव पिता धरमवीर यादव निवासी वार्ड क्रमांक-06 फिंगेश्वर, थाना व तहसील फिंगेश्वर जिला गरियाबंद छ.ग. ने विक्रेता जिन कुशल पेडी प्रोसेसिंग प्रो. अनिल जैन पिता अनूपचंद जैन निवासी शंकर नगर रायपुर जिला रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि वाके मौजा ग्राम बोरिद प.ह.न. 08 रा.नि.म. फिंगेश्वर तहसील - फिंगेश्वर जिला गरियाबंद (छ.ग.) स्थित भूमि ख.न.-529/4 रकबा 0.71 हे. भूमि को भूमि स्वामी से क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है, तथा विक्रय पंजीयन किया जाना शेष है।

उपरोक्त वर्णित संव्यवहार के संबंध में किसी भी व्यक्ति/ संस्था/फर्म/ सोसायटी/ बैंक/ शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था महाजन अथवा किसी पारिवारिक सदस्य व अन्य किसी को किसी भी प्रकार से कोई आपत्ति उजर दावा हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन तिथि से सात दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज प्रत्यक्ष रूप से अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर पावती लेंवें। समयावधि पश्चात की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति या उजर दावा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी तथा इसके समक्ष शून्य व अवैध समझी जावेगी। तथा मेरे पक्षकार के पक्ष में बैनामा पंजीयन का निष्पादन करा लिया जावेगा।

स्थान - फिंगेश्वर दिनांक-10/11/2025

भवदीय
संतोष पुरी गोस्वामी कार्यालय
पता- पुराना बस स्टैण्ड फिंगेश्वर
जिला गरियाबंद (छ.ग.),
मो.न. - 9826651280

## पेज 9 के शेष

### छेड़छाड़ के फरार...

पालन नहीं करने से पंचनामा तैयार कर रिपोर्ट दर्ज किया गया है। पतासाजी दौरान दिनांक 06.11.2025 को पेराबंदी कर प्रकरण के आरोपी दुर्योधन सोरी पिता स्व. मोहन सिंह सोरी उम्र 24 वर्ष सा0 अमाड (बहरापारा) थाना पायलीखण्ड (जुगाड) जिला गरियाबंद को दिनांक 06.11.2025 हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर जुर्म स्वीकार कर अपराध घटित करने पर धारा 35 (3) बीएनएसएस का नोटिस देने पर पुलिस विवेचना में सहयोग नहीं करने लिखित में देने से व आरोपी के विरूद्ध पर्याप्त सबुत पाये जाने से आरोपी को विधिवत दिनांक 06.11.2025 के 11.45 बजे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जा रहा है।

### सरनाबहाल सचिव को ग्रामीणों...

से कई निर्माण कार्य अधुरा पड़े हुए हैं। ग्रामीणों द्वारा फोन करने पर फोन रिसिव नहीं करता और तो और पंचों की मासिक बैठक एवं ग्रामसभा भी नहीं किया जाता उनके द्वारा आय -व्यय का विवरण प्रदान नहीं किया जाता और तो और केन्द्र और राज्य सरकार के महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास को पूर्ण कराने के लिए उनके द्वारा कोई बैठक नहीं मिला जाता शासकीय योजनाओ के संबंध में कोई जानकारी नही दिया जाता जैसे आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने कहा की पूर्व में शिकायत किया गया था लेकिन स्थानीय जनपद के अधिकारियों से साठगाठ कर अपना स्थानांतरण नहीं होने देता था। साथ ही ग्रामीणों को कहता है की जहां जो शिकायत करना है करो मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। इस मौके पर प्रमुख रूप से अपरमिल जगत, नीलकंठ सोरी, महादेव यादव, प्रमोद यादव, देवशरण साहू, ईनुश बघेल, कुमले ठाकुर, चंचला प्रधान एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पेंशनर्स समाज ने किया खेलन लाल का सम्मान



**राजिम।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज तहसील शाखा राजिम द्वारा वरिष्ठ नागरिक खेलनलाल सैनी का सम्मान किया गया। श्री खेलन लाल जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता जितेंद्र सोनकर के पिताश्री है। इनके अलावा एक्साइड बैटरी नवापारा प्रतिनिधि, प्रवीण देवांगन व टीम सदस्य रानूप्रिया, जोहतराम साहू का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बैशाखूराम साहू, अध्यक्ष पेंशनर्स समाज तहसील शाखा राजिम थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में चिन्ताराम साहू, योगेश्वर गोस्वामी, जीआर ध्रुव व तरुणा चतुर्वेदी मौजूद थी। बताया गया कि नवंबर माह में जन्मदिन वाले पेंशनर हेमकुमार साहू, योगेश्वर गोस्वामी, भंवरलाल ध्रुव, पुरुषोत्तम ठाकुर, भीखम सिन्हा, जीआर ध्रुव, चिन्ताराम साहू, सीताराम साहू, पन्नालाल साहू का शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दिवंगत हीराधर पुरें व डॉ. रामानंद गुप्ता को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राष्ट्रगीत के 150वीं वर्ष के उपलक्ष में राष्ट्रगीत का गायन पेंशनरों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन रामबिशाल वर्मा ने किया व आभार व्यक्त तरुणा चतुर्वेदी ने किया।

### संगठन हमारे लिए सर्वोपरि होना चाहिए : सुनील यादव



**रसेला।** पत्रकार महासंघ छत्तीसगढ़ जिला गरियाबंद की वार्षिक समीक्षा बैठक 9 नवंबर को प्रदेश अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष तथा जिला के पदाधिकारी एवं सदस्यगण की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुआ। बैठक में पत्रकार महासंघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार यादव का जिला अध्यक्ष परमेश्वर यादव ने माला पहनाकर स्वागत किया गया। सभी बैठक में उपस्थित पदाधिकारी व सदस्यगण का पुष्प माला से सहसम्मान किया गया। प्रदेश अध्यक्ष यादव ने कहा कि संगठन पत्रकारिता के माध्यम से समाज, शासन प्रशासन और आम जनता के बीच सेतु का कार्य करता है। हमारा उद्देश्य किसी का विरोध नहीं, बल्कि योजनाओं को जनता तक पहुंचाना और जनसमस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाकर समाधान की दिशा में मदद करना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पत्रकारों को स्वतंत्र, निष्पक्ष और मर्यादित पत्रकारिता करनी चाहिए। संगठन की गरिमा और अनुशासन सर्वोपरि है, इसका संरक्षण हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। आगे कहा कि संगठन के नाम के दुरुपयोग पर सख्त चेतावनी देते हुए कहा कोई भी अनुचित व्यवहार, दबाव या गलत कार्रवाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसी किसी शिकायत पर सीधे अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। यदि कभी पत्रकारों की सुरक्षा या सम्मान पर आंच आती है, तो संगठन एकजुट होकर आवाज उठाने के लिए हमेशा तत्पर रहेगा। इसी कड़ी में जिला अध्यक्ष परमेश्वर यादव ने कहा कि मित्रों संगठन या एक दूसरे के साथ से ही हमारी पहचान बनती है, इसलिए संगठन हमारे लिए सर्वोपरि होना चाहिए।

# धमनी स्कूल में वंदे मातरम एवं वीर गाथा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

वन्दे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने एवं राष्ट्रीय वीरगाथा 5.0 कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला धमनी में वंदे मातरम दिवस मनाया गया। प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम को शाला के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को स्मार्ट टीवी के माध्यम से दिखाया गया। इसके साथ ही बच्चों के द्वारा सस्वर वंदेमातरम गीत गायन किया गया। वीर गाथा के अंतर्गत बच्चों को ग्राम धमनी के वीर सपूत शहीद अजय शर्मा के शौर्य एवं पराक्रम के बारे में जानकारी दी गई कि किस तरह उन्होने अपने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी।बच्चों के द्वारा देशभक्ति रैली निकाल कर वीर शहीद अजय शर्मा के स्मृति स्थल पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई।बच्चों के द्वारा देश भक्ति चित्रकला, गीत एवं निबंध आदि की प्रस्तुती दी गई। इस अवसर पर शिक्षक महेन्द्र पंत द्वारा वंदे मातरम दिवस पर जानकारी देते हुए कहा कि वंदे मातरम भारत का राष्ट्रीय गीत है। यह गीत देश की स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ा हुआ है।यह गीत मातृभूमि के प्रति सम्मान और समर्पण की भावना जागृत करता है।वंदे–मातरम को कवि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा लिखा गया है जिसे प्रसिद्ध उपन्यास आनंदमठ से लिया गया है।वंदे



मातरम गीत देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना पैदा करने के साथ भारत की समृद्ध सांस—तिक विरासत को दर्शाता है।यह गीत हमें मातृभूमि की रक्षा और सेवा के लिए प्रेरित करता है। बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा रचित राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम अक्षय नवमी के पावन अवसर पर 7 नवंबर 1875 को लिखा गया था।इस वर्ष 2025 में वंदे मातरम गीत की रचना के 150 वर्ष पूरे हो रहे है। इस अवसर पर संस्था के प्रधान पाठक गोप कुमार साहू, प्रिती नायक, संकुल समन्वयक सुखेन साहू, शिक्षक महेन्द्र पंत, उत्तम भारती, पदमनी साहू, अनिता राजपूत, मनीषा दीवान प्रेमीन साहू, गीता साहू, वंदना साहू, संतोषी सेन सहित शाला के सभी छात्र- छात्राएं तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## गौरघाट धान खरीदी केन्द्र सहित कई खरीदी केन्द्रों में साफ -सफाई तक नहीं

# चार दिनों बाद शुरू होनी है धान खरीदी संग्रहण केन्द्रों में नहीं दिख रही तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

15 नवम्बर चार दिनों बाद पूरे प्रदेश में धान खरीदी समर्थन मूल्य पर शुरू होगा लेकिन मैनपुर एवं देवभोग विकासखण्ड क्षेत्र के धान खरीदी केन्द्रों में कोई तैयारी अब तक शुरू नहीं हुआ है। हालंकि तीन दिन पहले मैनपुर और कुछ खरीदी केन्द्रों में बारदाना लाकर छोड़ दिया गया है लेकिन खरीदी केन्द्रो में साफ -सफाई व फेंसिंग के साथ ही अन्य कोई व्यवस्था नहीं दिख रही है। जिससे किसानों और खरीदी प्रक्रिया को लेकर संशय बनी हुई है। एक तरफ सेवा सहकारी समितियों के कर्मचारियों का हड़ताल चल रहा है हड़ताल के कारण समितियो में ताले लटके हुए है जरूरी कामकाज ठप्प पड़ा हुआ है दूसरी ओर मौसम साफ होने के बाद किसान तेजगति धान की कटाई मिंजाई में लग गए है। किसानों को पैसे की शख्त जरूरत है किसान जल्द से जल्द समर्थन मूल्य पर धान बेचना चाह रहे है कई किसान



धान खरीदी लेट होने के कारण छोटे किसान मजबूरन कम दामो पर व्यापारियो के पास धान बेचने मजबूर हो रहे है।

### धान खरीदी केन्द्र में पुराने बारदाने सड़े हुए हैं, सफाई नहीं

पिछले वर्ष धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी के बाद से अब तक कई खरीदी केन्द्रों में साफ- सफाई तक नहीं हुआ है। खरीदी केन्द्रो में बड़े–बड़े घांसफुस उग गए हैं चारों तरफ घेरा टूट गए हैं गेट नहीं है। जमीन में पुराने बोरिया त्रिपाल सड़कर पड़े हुए है जिसमें धान अंकुरित हो गया है खरीदी केन्द्रों में अब तक साफ-सफाई प्रारंभ नहीं हुआ है।

### नया बारदाना खुले आसमान के नीचे, खराब होने की अंदेशा

धान खरीदी केन्द्रों में अव्यवस्था का ऐसा आलम है कि कर्मचारियों के हड़ताल के चलते ताला लटका हुआ है और नया बारदाना कुछ खरीदी केन्द्रों में खुले आसमान के नीचे रख दिया गया है जो देखरेख के अभाव में खराब होने का खतरा बना हुआ है। एक तरफ राज्य सरकार खरीदी केन्द्रों की व्यवस्था दुरूस्थ करने का निर्देश दिया जा रहा है दूसरी ओर जमीनी हकीकत कुछ और ही है। खरीदी केन्द्रों में साफ -सफाई व कोई तैयारी नहीं दिख रही है।



## श्रीराधाकृष्ण मंदिर में 47 दिव्यांग बच्चों सहित पांच हजार लोगों ने ग्रहण की भोजन प्रसादी

**नवापारा-राजिम।** श्रीराधाकृष्ण मंदिर में सोमवार को सेवा संकल्प संस्थान के 31 दिव्यांग बच्चे एवं सहायिका सुनीता साहू, रुपाली शर्मा, नवागांव बुड़ेनी एवं नेकी की कुटिया अभनपुर के 16 दिव्यांग बच्चे योगिता गोस्वामी पहुंचे। संस्थान के ये बच्चे मूक बधिर, नेत्रहीन, चलने में असमर्थ, मंदबुद्धि और अनाथ बच्चे शामिल थे। जो समाज की मुख्य धारा से कटे हुए है। इन बच्चों का जब मंदिर ट्रस्ट कमेटी के पदाधिकारी मोहन अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, गिरधारी अग्रवाल ने बहुत ही स्नेह के साथ बिठाया और भोजन प्रसादी कराया तो इन बच्चों के चेहरे पर मुस्कुराहट आ गई। इन बच्चों में से जब एक बच्ची अपने हाथ से भोजन नहीं कर पा रही थी तो रुपाली शर्मा ने अपने हाथों से उसे खिलाई। इससे राधाकृष्ण मंदिर के वृंदावन कुंज परिसर भावुक हो गया। इस दौर में नेत्रहीन छोटी सी बच्ची सुमन यादव ने हारे के सहारे, तीन बाण धारी खाटू श्याम का भजन सुनाया तो सभी के आंखों से आंसुओं की धार बहने लगी। परिसर में पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय भी आए एवं इन बच्चों का सम्मान किया। सोमवार की भीड़ ने पिछले 7 दिनों का रिकार्ड तोड़ दिया। कोई 5 हजार लोगों की भीड़ भोजन प्रसादी पाने के लिए पहुंची थी। भोजन तैयार कर रहे कर्मचारियो को कई बार अतिरिक्त भोजन बनाना पड़ा।



### फूलों की वर्षा की गई

खास बात यह रही कि भोजन करने देवांगन समाज के लोग माता परमेश्वरी की प्रतिमा और सेन समाज के लोग संत शिरोमणी सेन जी महाराज की तस्वीर एवं श्रीराधाकृष्ण भगवान की तस्वीर, ध्रुव आदिवासी समाज के लोग अपने पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचे थे। उनका स्वागत बाजे-गाजे के साथ श्रीराधाकृष्ण मंदिर के ट्रस्टी मोहनलाल, गोपाल गिरधारी अग्रवाल के अलावा शहरवासियों ने किया। फूलों की वर्षा की गई। लोग नाचने झूमने लगे। मंच संचालन राजू काबरा एवं सरोज कंसारी ने की। इस दौरान देवांगन समाज, सेन समाज, पटेल समाज, कहार समाज, धोबी समाज, कुम्हार समाज का सम्मान किया गया। पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय का तिलक वंदन कर उपर्णा ओढ़ाकर सम्मान किया गया।

## पीएमश्री हरिहर उत्कृष्ठ विद्यालय के छात्रों ने किया आदिवासी संग्रहालय का भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

जनजातीय गौरव पखवाड़ा के अंतर्गत पीएमश्री हरिहर उत्कृष्ठ विद्यालय द्वारा आदिवासी संग्रहालय एवं शहीद वीर नारायण सिंह ग्रंथालय नवा रायपुर का शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। जिसमें चन्द्रकांत वर्मा, संतोष निषाद, जागेश्वर जगने, ओंकार साहू, कृष कुमार, नेत्र साहू, विवेक वर्मा, टिकेश्वर निर्मलकर, शेखर साहू, शेषनारायण साहू, निलेश पैगम्बर आदि छात्रों ने संग्रहालय को देखकर भाव विभोर होते हुए कहा कि वास्तव में आदिवासियों का जीवन प्रकृति से सराबोर है और प्रकृति से जुड़ा हुआ जीवन एक वीर होने का संदेश भी देता है। जिसमें शहीद वीर नारायण सिंह का बलिदान अविस्मरणीय है और आदिवासियों ने किस तरह से अंग्रेजों से लोहा लिया और अपनी मातृभूमि की रक्षा करने का प्रयास किया। प्राचार्य फाखरा खानम दानी ने कहा कि संग्रहालय में उनके रीति रिवाज, उत्सव, दैनिक जीवन की गतिविधियां जैसे मत्स्याखेट, बाजार, विवाह परंपरा, जन्म एवं मृत्यु संस्कार सभी का सजीव चित्रण उस संग्रहालय में स्पष्ट दिखाई देता है और गोंडवाना समाज के इतिहास को पूरी तरह से उस संग्रहालय में दर्शाया गया है जो कि निःसंदेह देखने और सीखने योग्य है और यह छग के लिए बेहद खुशी की बात है कि हमारे मूल निवासियों के जीवन को बेहद खूबसूरती के साथ उस संग्रहालय में पिरोया गया है। हमारे सभी कलाकारों को जिन्होंने इस संग्रहालय में अपने कला को पिरोया है वो सभी सम्मान के पात्र हैं और जिन्होंने इस संग्रहालय के निर्माण की कल्पना की वो भी सम्मान के पात्र हैं। यह संग्रहालय हमें सीख देता है कि हमें अपनी प्रकृति और संस्कारों को कभी नहीं भूलना चाहिए। छात्रों ने बेहद प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमं छग के इतिहास की जानकारी संग्रहालय के माध्यम से ज्ञात हुई और बेहतरीन कलाकारी देखने और समझने का मौका मिला। शाला के व्याख्याता लता साहू, नीलम साहू, मुक्ति साहू, विजय गिलहरे, अविनाश बघेल, दुर्गेश बंजारे, सोनूराम साहू आदि सभी लोगों ने भी इस संग्रहालय को देखकर प्रसन्नता जाहिर की कि छग अंचल में यह संग्रहालय अविस्मरणीय है।

## राजिम कॉलेज में हुआ फैकेल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम

**राजिम।** शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पीएम ऊषा के तहत फैकेल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. अंजली अवधिया, संयुक्त संचालक थी। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सविता मिश्रा ने किया। इस अवसर पर डॉ. अंजली ने कहा कि एक शिक्षक ही समाज में क्रांति ला सकता है। उन्होंने एनइपी से बच्चों का सभी क्षेत्रों में विकास होने की बात कही। इंटर्नशिप के माध्यम से बच्चे कॉलेज के बाहर प्रायोगिक रूप से जानकारी हासिल करेंगे और



अनुसंधान का जीवन में महत्व बताया। शोध के लिए किसी डिग्री की आवश्यकता नहीं है। हम अपने आसपास की छोटी-छोटी समस्याओं का शोध के द्वारा समाधान कर सकते है। भाषा की बाधा का समाधान करते हुए बताया कि विद्यार्थी जीवन में कोई भाषा के कारण बाधा उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। विभिन्न माध्यमों से बच्चे भाषा का अनुवाद कर सकते है। यह बात उन्होंने अंग्रेजी के संदर्भ में कही। प्राचार्य डॉ. सविता मिश्रा ने बताया कि महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं बहुमुखी प्रतिभा के धनी है। जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय के अंतर्गत होने वाली परीक्षाओं में प्रवीण्य सूची में स्थान बनाया है।

## परिक्षेत्र साहू समाज अभनपुर के गुरूपंच बने अध्यक्ष

**नवापारा-राजिम।** परिक्षेत्र साहू समाज अभनपुर के पवन कुमार गुरुपंच अध्यक्ष बने जिसे विधायक इंद्रकुमार साहू का पेनल बताया जा रहा है। दी गई जानकारी के मुताबिक छतीसगढ़ साहू संघ के नियमानुसार जिला साहू संघ रायपुर और तहसील साहू संघ के संयुक्त तत्वावधान में चुनाव प्रक्रिया का संचालन किया गया। जिसमें विधायक इन्द्रकुमार साहू की एकता पेनल के सभी पदाधिकारी निर्वाचित हुए।

अध्यक्ष के लिए 2 प्रत्यशी मैदान में थे। पवन कुमार गुरुपंच एवं तुकेश साहू जिसमें पवन कुमार गुरुपंच 50 वोट से विजयी हुए। उपाध्यक्ष पद के चुनाव में नेतराम साहू 4 वोट से व महिला उपाध्यक्ष पद पर हेमलता साहू 97 वोट से विजयी रही । हारने वाले प्रत्याशी डोमेन्द्र साहू व महिला में यशोदा साहू है। संगठम सचिव पद पर मानसिंग साहू 3 वोट से व महिला संगठन सचिव लेखप्रभा साहू 47 वोट से विजयी रही।



हारने वाले प्रत्याशी गोविंद साहू व महिला संगठन सचिव में खेदिया साहू पराजित हुई। बताया गया है कि सामाजिक जागरूकता के कारण 33 गांव वाले इस परिक्षेत्र के 508 मतदाताओं में से 454 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। चुनाव में सभी लोगों ने अपने-अपने प्रत्याशी को जिताने के लिए दिन भर लगे रहे। मतदान 4 बजे प्रारंभ हुआ, परिणाम दस बजे रात को घोषित हुआ। विधायक इन्द्रकुमार साहू व पूर्व विधायक चन्द्रशेखर साहू भी मतदान करने पहुंचे थे। आसपास के सभी सामाजिक नेता इस चुनाव में दिन भर लगे रहे । निर्वाचन अधिकारी बम्हानंद साहू ने विजयी प्रत्याशी की घोषणा की। इस चुनाव में सहयोग करने के लिए जिला साहू संघ के अध्यक्ष देवनाथ साहू, महामंत्री तोषण साहू, न्याय प्रकोष्ठ प्रमुख जिला के कार्यकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष निर्वाचन से जुड़े सभी लोग उपस्थित रहे। विजयी पदाधिकारियो को खेलूराम साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत अभनपुर, प्रेमलाल साहू नवापारा, मेघनाथ साहू नवापारा, ईश्वर साहू खोरपा परिक्षेत्र, बिहारी साहू, भोजराम साहू अभनपुर परिक्षेत्र, टेकचंद साहू, लीलाघर साहू, राघवेन्द्र साहू प्राधिकृत अधिकारी, मुकेश ढीढी सरपंच संघ अध्यक्ष, खेमराज कोसले पूर्व जनपद अध्यक्ष, बसंत कोसले सरपंच गातापार, नारायण साहू गातापार, रामकुमार साहू जूलूम, हरिशवर्मा, सुरेश वर्मा, भरत बैस मंडल अध्यक्ष एवं विधायक इन्द्रकुमार साहू ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी तथा समाज सेवा निस्वार्थ भाव करने का सुझाव दिया। खास बात यह है कि विधायक इंद्रकुमार साहू स्वयं 25 वर्षो से समाज के विभिन्न पदों पर रहे है। जिसमें दो बार संरक्षक, दो बार अध्यक्ष, दो बार अंकेक्षक, दो बार कार्यकारी अध्यक्ष तथा विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए समाज सेवा किया और अब विधायक पद पे आसीन है। विधायक श्री साहू ने कहा कि नवनिर्वाचित पदाधिकारी इमानदारी से समाज की सेवा करे। जरूरत पड़ने पर वे हर सम्भव सहयोग करेंगे।

# छात्र-छात्राओं ने किया आईएसबीएम विश्वविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण

**छुरा।** पीएंडटी कंप्यूटर वर्ड के छात्र -छात्राओं ने आईएसबीएम विश्वविद्यालय नवापारा (कोसमी) छुरा, जिला- गरियाबंद छत्तीसगढ़ का भ्रमण किया।

पी एंड टी कंप्यूटर्स फिंगेश्वर संचालक श्री तेजेश यदु एवं मार्केटिंग हेड वरुण साहू के मार्गदर्शन में सेंटर्स के लगभग 94 छात्र-छात्राओं की टीम ने विश्वविद्यालय का भ्रमण किया। जहां कंप्यूटर संकाय के प्राध्यापक द्वारा स्वलिखित पुस्तकों फंडामेंटल आफ कंप्यूटर साइंस तथा प्रोग्रामिंग इन सी लैंग्वेज विद्यालय के एचआर अकादमिक अधिष्ठता एवं डायरेक्टर



मार्केटिंग हेड वरुण साहू ने किया। वहीं छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय में संचालित सभी विभागों कला एवं मानविकी,वाणिज्य एवं प्रबंधन, ग्रंथालय एवं सूचना प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, फार्मेसी एवं विज्ञान तथा उपलब्ध सुविधाओं प्रयोगशाला, वर्कशॉप, मूटकोट, इनडोर गेम्स तथा ग्रंथालय के अवलोकन पश्चात पी एंड टी कंप्यूटर अकादमिक अधिष्ठाता ने डॉक्टर बीपी भोल सर छात्र-छात्राओं को बताया कि आई एसबीएम विश्वविद्यालय का आदर्श वाक्य ज्ञान, बुद्धि व मानवता है, जिस सोच को लेकर युवाओं के भविष्य निर्माण के साथ साथ राष्ट्र व समाज के विकास पथ पर सतत अग्रसर है। वहीं छात्र - छात्राओं के जिज्ञासाओं को शांत करते हुए विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में भविष्य निर्माण तथा आने वाली चुनौतियों के बारे में जानकारी दी। कुछ छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय भ्रमण के बारे में अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर डॉ. बी पी भोल, वरुण साहू मार्केटिंग हेड, कौशिक, पी एंड टी कंप्यूटर डारेक्टर तेजेश कुमार यदु एवं उनके सेंटर के प्रशिक्षक गण उपस्थित रहे। उक्त आयोजन में विश्वविद्यालय के प्रोफेसरो की महत्वपूर्ण भूमिका रही।




